ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 345



## ट्रम्प बोले- मेरे दोस्त मोदी को 182 करोड़ भेजे गए:4 दिन में चौथी बार भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर सवाल; बांग्लादेश का भी जिक्र



24 न्यूज अपडेट

ट्रम्प ने चार दिन में चौथी बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर सवाल उठाया है। इस बार उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त मोदी को 182 करोड़ रुपए भेजे गए हैं। ये दूसरी बार है जब ट्रम्प ने इस मामले में मोदी का नाम लिया है। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ये फंड भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए गए। और हमारा क्या? हमें भी अमेरिका में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए पैसा चाहिए। इसके अलावा ट्रम्प ने बांग्लादेश में भेजे गए 250 करोड़ रुपए का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना।

ट्रम्प ने कहा, ऐसी संस्था को इतना पैसा मिला जहां सिर्फ दो लोग काम करते हैं। वो यहां-वहां से 10-20 हजार रुपए जुटा रहे हैं, और अचानक उन्हें अमेरिकी सरकार से 250 करोड़ रुपए मिल गए। मुझे लगता है कि वे दोनों अमीर बनने से बहुत खुश होंगे। जल्दी ही उनकी तस्वीर किसी बिजनेस मैगजीन में छापी जाएगी।

**ट्रम्प के पिछले तीन बयान...**

1. ट्रम्प बोले- ये फंडिंग रिश्वतखोरी करने के लिए थी गुरुवार को ट्रम्प ने कहा कि मैं हैरान हूं, इतना पैसा पाकर भारत क्या सोचता होगा। ये एक किक-बैक यानी रिश्वतखोरी की स्कीम है। जो लोग ये पैसा भारत को भेज रहे हैं, उसका कुछ हिस्सा लौटकर उन्हीं लोगों के पास आ रहा है। ट्रम्प ने कहा कि मैं भारत में वोटर टर्नआउट की परवाह क्यों करूं? हमारी अपनी परेशानियां कम नहीं हैं। हमें अपने टर्नआउट पर ध्यान देना चाहिए। हमने ये सारी स्कीमें बंद कर दी हैं। अब हम सही रास्ते पर हैं।

2. बाइडेन भारत में किसी और को जिताना चाहते थे बुधवार को ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- बाइडेन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था।

इसके लिए बाइडेन प्रशासन ने भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपए का फंड मुहैया कराया। ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। मियामी में फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव (FII) समिट में उन्होंने कहा, 'यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपए का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ 2 हजार डॉलर (1.73 लाख रुपए) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमेरिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था।

3. मोदी के लिए बहुत सम्मान पर 182 करोड़ क्यों दे रहे मंगलवार को मीडिया से ट्रम्प ने कहा कि हम भारत को 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। भारत दुनिया के सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक हैं, खासतौर पर हमारे लिए। मैं भारत और उनके PM का सम्मान करता हूं, पर 182 करोड़ क्यों?

## इस हफ्ते सोना महंगा हुआ, चांदी के दाम कम हुए:सोना 94 बढ़कर 86,092 पर पहुंचा, चांदी 806 गिरकर 97,147 पर आई



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने के दाम में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 14 फरवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 85,998 रुपए था, जो अब यानी 22 फरवरी को 86,092 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसके दाम 94 रुपए बढ़े हैं।

हालांकि चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। चांदी के दाम 806 रुपए कम होकर 97,147 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। पिछले शनिवार को ये 97,953 रुपए प्रति किलो पर थी।

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच में भारत का राष्ट्रगान बजा:लाहौर स्टेडियम में दर्शक शोर मचाने लगे, फिर ऑस्ट्रेलिया का एंथेम बजाया गया



24 न्यूज अपडेट

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का चौथा मैच शनिवार को लाहौर में खेला जा रहा है। यहां के गद्दाफी स्टेडियम में अचानक भारत का राष्ट्रगान बज गया। स्टेडियम एडमिनिस्ट्रेशन ने फौरन इसमें सुधार किया। हालांकि, इस दौरान स्टेडियम मौजूद दर्शक हैरान रह गए और शोर मचाने लगे। यह पूरा वाकया तब हुआ जब टॉस के बाद ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीम अपने राष्ट्रगान के लिए मैदान में पहुंची थीं। इंग्लैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान बजना था, लेकिन गलती से भारत का राष्ट्रगान चला दिया। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहे हैं, उनमें 'भारत भाग्य विधाता' कुछ सेकेंड्स के लिए सुनाई दे रहा है। हालांकि, कुछ सेकेंड्स बाद ही भारतीय राष्ट्रगान को बंद कर दिया गया और दोबारा से ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान लगाया गया।

## निफ्टी-50 में जोमैटो-जियो फाइनेंशियल की एंट्री होगी:BPCL-ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज को इंडेक्स से किया जाएगा बाहर, यह बदलाव 28 मार्च से प्रभावी होंगे




24 न्यूज अपडेट

नेशनल स्टॉक एचेंज (NSE) के बेंचमार्क इंडेक्सेज में जोमैटो और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की एंट्री होने वाली है। अपकमिंग सेमी-एनुअल चेंजेस में निफ्टी-50 इंडेक्स में जोमैटो और जियो फाइनेंशियल की यह एंट्री होगी।

यह चेंजेस 28 मार्च 2025 से प्रभावी होंगे। ये दोनों कंपनियां इंडेक्स में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (BPCL) और FMCG कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज की जगह लेंगी। ये बदलाव निफ्टी 50 इक्वल वेट इंटेक्स पर भी लागू होंगे।

यह रीबैलेंसिंग 1 अगस्त से लेकर 31 जनवरी तक के एवरेज फ्रीफ्लोट मार्केट कैप पर बेस्ड है। NSE के एक नोट में कहा गया है कि जोमैटो का एवरेज फ्री-फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन 1,69,837 करोड़ रुपए है। वहीं जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का 1,04,387 करोड़ रुपए है। BPCL का मार्केट कैपिटलाइजेशन 60,928 करोड़ रुपए और ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 64,151 करोड़ रुपए है। निफ्टी 50 इंडेक्स में शामिल होने के लिए किसी शेयर को F&O सेगमेंट का हिस्सा होना अनिवार्य है।

## PM से मिलीं दिल्ली की CM:मोदी 8 मार्च को महिला सम्मान योजना लॉन्च कर सकते हैं; लवली प्रोटेम स्पीकर बने

24 न्यूज अपडेट

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के विकास को लेकर पार्टी मैनिफेस्टो और विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक CM ने महिला सम्मान योजना 8 मार्च से लागू करने की घोषणा की है। संभवतः PM के हाथों इसकी शुरुआत हो सकती है।



इधर, दिल्ली में यमुना की सफाई का काम शुरू होने के बाद अब सड़कों पर पड़े कचरे को हटाने का काम शुरू हो गया है। CM रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को PWD और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ मीटिंग की थी। उन्होंने अफसरों से साफ पानी की सप्लाई, सड़कों की स्थिति और बिजली ठीक करने का निर्देश दिया था। वहीं, दिल्ली की पूर्व CM आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को चिट्ठी लिखकर मिलने का समय मांगा है। आतिशी ने पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव के दौरान महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन कैबिनेट की पहली मीटिंग में इस पर फैसला क्यों नहीं लिया गया।

आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 31 जनवरी को द्वारका में एक चुनावी रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में सम्मान योजना पर मुहर लगाई जाएगी। महिलाएं खुद को ठगा महसूस कर रही हैं। भाजपा ने कहा है कि 8 मार्च से योजना लागू की जाएगी।

## गोगामेड़ी हत्याकांड के आरोपी रोहित राठौड़ ने 23 दिन बाद तोड़ा अनशन



24 न्यूज अपडेट

भरतपुरः जिले के सेवर केंद्रीय कारागृह में बंद श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के आरोपी रोहित राठौड़ ने 23 दिन बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया. वह 31 जनवरी से भूख हड़ताल पर था. वह अपनी सुरक्षा का हवाला देते हुए किसी अन्य जेल में स्थानांतरण की मांग कर रहा था. जेल प्रशासन ने लगातार समझाइश की, कई बार अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ा रहा. आखिरकार, अधिकारियों की समझाइश के बाद शनिवार को उसे जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया गया. सेवर जेल अधीक्षक परमजीत सिंह सिद्धू ने बताया कि रोहित राठौड़ सेवर हाई सिक्योरिटी जेल से शिफ्टिंग की मांग को लेकर 31 जनवरी से भूख हड़ताल कर रहा था. जेल प्रशासन ने कई बार उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा. इस दौरान उसकी तबीयत भी बिगड़ने लगी, जिसके चलते उसे कई बार अस्पताल ले जाना पड़ा. स्वास्थ्य बिगड़ने पर किया इलाजः रोहित राठौड़ की भूख हड़ताल के कारण उसकी सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ा. जेल प्रशासन ने उसकी लगातार चिकित्सा जांच कराई और आवश्यक उपचार की व्यवस्था की. कई बार उसे जेल अस्पताल भेजा गया, लेकिन जब हालत ज्यादा खराब हुई तो उसे जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां भी डॉक्टरों की टीम ने उसका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया.

## FII ने 3,450 करोड़ के शेयर्स बेचे:डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स नेट बायर्स बने, DII ने 2,885 करोड़ के शेयर्स खरीदे



24 न्यूज अपडेट

फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (FII) शुक्रवार को नेट सेलर्स बने। वहीं डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स यानी DII नेट बायर्स बने रहे। प्रोविजनल डेटा के अनुसार, 21 फरवरी को FII ने 3,450 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे, जबकि DII ने 2,885 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं।

ट्रेडिंग सेशन के दौरान, DIIs ने 12,889 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 10,004 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। वहीं FII ने 10,144 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 13,593 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे।

**इस साल अब तक FII ने 1.24 लाख करोड़ के शेयर्स बेचे**


इस साल अब तक FII ने 1.24 लाख करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री की है। जबकि DII ने 1.29 लाख करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं।

**शुक्रवार को सेंसेक्स 424 अंक गिरकर 75,311 पर बंद हुआ**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 424 अंक की गिरावट के साथ 75,311 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 117 अंक की गिरावट रही, ये 22,795 के स्तर पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 37 में गिरावट और 13 में तेजी रही। NSE सेक्टोरल इंडेक्स के ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.58% की गिरावट रही थी।

## तेलंगाना में टनल हादसा, 8 मजदूर फंसे:एंट्री पॉइंट से 14 किमी दूर 3 मीटर हिस्सा गिरा; आर्मी से सहायता मांगी गई



24 न्यूज अपडेट

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार सुबह SLBC (श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल) टनल प्रोजेक्ट का एक हिस्सा गिर गया। जिसमें 8 मजदूर फंस गए। हादसा सुरंग के एंट्री पॉइंट से 14 किमी अंदर हुआ।

अधिकारियों के मुताबिक, छत का करीब तीन मीटर हिस्सा ढहा है। टनल का काम काफी समय से रुका हुआ था। चार दिन पहले ही दोबारा काम शुरू किया गया।

नागरकुरनूल के SP वैभव गायकवाड़ ने बताया कि सिंचाई परियोजना का काम करने वाली कंपनी की 2 रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई हैं। भारतीय सेना और NDRF की भी सहायता मांगी गई है।

कंपनी के मुताबिक, घटना के दौरान 50 मजदूर घटनास्थल पर मौजूद थे। फंसे हुए लोगों में दो इंजीनियर, दो मशीन ऑपरेटर और चार मजदूर शामिल हैं।

मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा;- हमारी सरकार उन आठ लोगों की जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। हमने उत्तराखंड बचाव अभियान में शामिल विशेषज्ञों से भी संपर्क किया है।

SLBC (श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल) टनल प्रोजेक्ट का यह इंट्री गेट है।

SLBC (श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल) टनल प्रोजेक्ट का यह इंट्री गेट है।

ये टनल के तस्वीर है, जहां पर काम के दौरान एक हिस्सा गिर गया।

### टनल में फंसे मजदूरों के नाम

मनोज कुमार, श्री निवास, संदीप साहू, जगता एक्सेस संतोष साहू, अनुज साहू, सनी सिंह, गुरप्रीत सिंह

**CM बोले- अफसरों को मौके पर भेजा है**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, उन्होंने जिला कलेक्टर, फायर ब्रिगेड और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य में लगे हुए हैं।

सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने एक बयान में कहा, 'यह दुर्घटना श्रीशैलम से देवरकोंडा जाने वाली सुरंग के 14वें किलोमीटर के इनलेट (डोमलपेंटा के पास) पर सीपेज पर लगी कंक्रीट के फिसलने के कारण हुई।'



## संपादकीय : मुफ्त पर जोर

सरकारों को शायद अब इस बात की चिंता बिल्कुल नहीं रह गई है कि मुफ्त की योजनाएं चलाने से खजाने पर पड़ने वाले बोझ की भरपाई कहां से हो पाएगी। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय भी नसीहत दे चुका है और अनेक अर्थ-विशेषज्ञ सावधान करते रहे हैं, पर हर सरकार चुनावी समीकरण को ध्यान में रखते हुए न केवल पहले से चल रही मुफ्त की योजनाओं को जारी रखने का प्रयास करती हैं, बल्कि कुछ नई योजनाएं भी घोषित करती देखी जाती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का इस वर्ष का बजट इसका ताजा उदाहरण है। वहां पहले से विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं को मुफ्त लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल फोन आदि बांटने की योजना चल रही है। इस बजट में मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए चार सौ करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। आठ लाख आठ हजार सात सौ छत्तीस करोड़ रुपए के इस बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 9.8 फीसद अधिक धन का प्रावधान किया गया है। मगर बजट का काफी बड़ा हिस्सा मथुरा- वृंदावन और मीरजापुर जैसी जगहों पर धार्मिक गलियारों के विकास, मंदिरों के जीर्णोद्धार-पुनरुद्धार और द्रुतगामी मार्गों के लिए आबंटित किया गया है। इसके अलावा, पहले से चल रही लखपती दीदी जैसी योजनाओं का दायरा और बढ़ाने के लिए बड़ी राशि आबंटित की गई है। बजट सरकार के कामकाज का आईना होते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि कोई सरकार अगले एक वर्ष में क्या काम करने जा रही है और उसकी प्राथमिकता क्या होगी। अपेक्षा की जाती है कि सरकारें जनकल्याण और सामाजिक कल्याण के कार्यों पर अधिक खर्च करें। ऐसी योजनाओं को प्रोत्साहित करें, जिससे राज्य और देश के आर्थिक विकास को बल मिले। मुफ्त की योजनाओं का व्यापक अनुभव यही रहा है कि वे अनुत्पादक साबित होती हैं। उनसे सरकार पर वित्तीय बोझ ही बढ़ता है। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकारें मुफ्त की योजनाएं चला कर लोगों को अकर्मण्य बना रही हैं। इसके बावजूद अगर उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने बजट में चार सौ करोड़ रुपए मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए आवंटित किए हैं, तो जाहिर है, उसका मकसद अगले चुनाव में लोगों को आकर्षित करने का है, इसके कोई उत्पादक नतीजे नहीं निकलने वाले। इसके बरक्स विचित्र है कि सरकार ने उच्च शैक्षिक संस्थानों और राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत ढांचा मजबूत करने के लिए महज पचास करोड़ रुपए आबंटित किए हैं। नए बन रहे महाविद्यालयों के लिए भी पचास करोड़ रुपए तय किए हैं। उत्तर प्रदेश में शिक्षा के स्तर को लेकर अनेक बार अंगुलियां उठती रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं में नकल, प्रतियोगी परीक्षाओं में पर्चाफोड़ और अनियमितताओं आदि को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में अगर मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी दे भी दी जाए, तो उनके जीवन में कितना बदलाव आ जाएगा, कहना मुश्किल है। अगर शिक्षा का स्तर सुधारने को लेकर सरकार सचमुच संजीदा होती, तो वह शैक्षिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं बेहतर बनाने, स्कूल-कालेजों में अध्यापकों के खाली पदों पर भर्ती आदि पर जोर देती । स्कूटी, लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल जैसे साधन देने से वास्तव में उन्हें कितना लाभ मिलेगा, इसका आकलन शायद नहीं किया गया। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार इकलौती नहीं है, जो ऐसी मुफ्त की योजनाओं पर जोर दे रही है, ज्यादातर राज्य सरकारों ने यही रास्ता पकड़ रखा है।

## हास्य के नाम पर

पिछले 'कुछ साथ ओटीटी मंचों पर भी हास्य कार्यक्रमों के नाम पर जिस तरह फूहड़ और अश्लील सामग्री परोसी जाने लगी वर्षों में इंटरनेट के विस्तार के है, वह कई बार मानसिक विकृति से भरी होती है। हाल ही में एक ओटीटी मंच पर एक कथित हास्य कलाकार के कार्यक्रम में जैसी बातचीत सामने आई, उसे किसी भी लिहाज से स्वस्थ मनोरंजन नहीं माना जा सकता। विडंबना है कि ऐसे कार्यक्रमों के दर्शक भी बिना किसी हिचक के कुंठाओं के प्रदर्शन में शामिल होते हैं। हालांकि समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी हास्य के नाम पर अश्लीलता को मानवीय गरिमा के विरुद्ध मानता है और स्वाभाविक ही इस मसले पर व्यापक आपत्ति उभरी। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित कथित कलाकार के प्रति नाराजगी जाहिर की। अब सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस मसले पर सख्त रुख अपनाते हुए ओटीटी मंचों को आचार संहिता और कानून का पालन करने का निर्देश दिया है। अश्लील सामग्री का प्रकाशन एक दंडनीय अपराध है। मंत्रालय के नोटिस में कहा गया है कि ओटीटी मंचों पर किसी भी सामग्री के प्रदर्शन में लागू कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आइटी नियम, 2021 के तहत 'कोड आफ एथिक्स' का ध्यान रखा जाए। हास्य और मनोरंजन सेहत के लिए अच्छा है, लेकिन अगर इसकी वजह से लोगों के सोचने-समझने की प्रक्रिया विकृत होती है, यौन कुंठाओं की एक नई दुनिया बनती है, तो वह किसी भी समाज के लिए नुकसानदेह है। दरअसल, सामाजिक व्यवहार और इसके बारे में आम धारणा का विकास लोगों के सोचने-समझने के तरीके और उसकी अभिव्यक्तियों के सहारे होता है। ऐसे में अगर कुछ विशेष सुविधाओं में जीने वाले लोग अपनी सार्वजनिक अभिव्यक्तियों में हास्य के नाम पर अश्लीलता का बेहिचक प्रदर्शन करते हैं, तो निश्चित रूप से यह एक प्रतिगामी रवैया है । सवाल है कि महज हास्य के तर्क पर क्या किसी ऐसी प्रवृत्ति की इजाजत दी जानी चाहिए जो न केवल लोगों के भीतर कुंठा भरने का जरिया बनती, बल्कि उसी वजह से महिलाओं के खिलाफ आपराधिक वृत्ति का भी प्रसार होता है !


## कुम्हारों का भट्टा पर चला यूडी टेक्स का डंडा, 9 दुकानें सीज, 18 साल से जमा नहीं था टेक्स तो अब तक क्यों नहीं की कार्रवाई??



24 न्यूज अपडेट

नगर निगम में आजकल रोज दो तीन जगहों पर यूडी टेक्स के नाम पर कार्रवाई के मुहूर्त निकल रहे हैं। आज कुम्हारों का भट्टा का मुहूर्त निकला और वहां पर पांच दुकानों को यूडी टेक्स नहीं जमा कराने के चलते सीज कर दिया गया। निगम के दस्ते ने हरंबस कौर के नाम पर नोटिस दुकानों के बाहर चस्पा किया है। नगर निगम ने नोटिस में लिखा है कि वर्ष 2007 से 2023 तक 5 लाख पैंतालीस हजार एक सौ बावन रूपए का यूडीए टैक्स बकाया है। नगर निगम की कार्रवाई को देखते हुए यह तो साफ हो रहा है कि नगर निगम में अंधेरगर्दी चल रही है। वर्ष दो हजार सात से टेक्स बकाया था तो 18 साल से अफसर क्या कर रहे थे। जिन्होंने कार्रवाई नहीं करते हुए निगम को आर्थिक हानि पहुंचाई उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही उन जन प्रतिनिधियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने इस दौरान निगम की कमान संभाली। एक और सवाल यह खड़ा हो रहा है कि नगर निगम आखिर डिफाल्टरों की सूची सार्वजनिक क्यों नहीं कर देता ताकि जनता को भी पता चले कि किसका कितने साल से टेक्स बकाया है। कहीं ऐसा तो नहीं हो रहा है कि पिक एंड चूज के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। टाउन हाल लिंक रोड पर शिव इलोकट्रॉनिक व्यवसायिक परिसर का 2,65,278/- यू डी टैक्स, ग्लास फेक्ट्री सुंदरवास मेन रोड पर गौरव प्लाईवुड नामक व्यवसायिक दुकान जिसका 1,91,185/- यू डी टैक्स बकाया है, दूध तलाई स्थित हैंडी क्राफ्ट मार्केट मेवाड आर्ट सहित 5 व्यवसायिक प्रतिष्ठान दुकान नं 14, 22, 28, 30, 31 जिनकी बकाया राशि = 12,06,974/- है इसी प्रकार सर्वऋतु विलाश मोगरा वाडी स्थित कृष्णा ऋतु अपार्टमेंट व्यवसायिक ऑफिस जिसका 3,26,483/- रूपये का यू डी टैक्स बकाया है। गोवर्धन विलास मुख्य मार्ग आर्मी कैंट के पास तिरुपति ट्रैक्टर शोरूम का 2,71,717/- यू डी टैक्स बकाया होने से सभी को सीज किया गया।

## कनक हॉस्पिटल के आईसीयू से गायब हो गए मरीज के सोने के कुंडल, सीसीटीवी बंद, हंगामा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर के कनक हॉस्पिटल मे भर्ती मरीज के रातो रात सोने के गहने गायब हो गए। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा कर दिया और हिरणमगरी थाने मे रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सराडा सलूम्बर निवासी डाया राम ने बताया कि वो अपनी माँ डोली बाई को पैर की हड्डी टूटने के बाद कनक हॉस्पिटल मे इलाज के लिए लाये थे, अस्पताल प्रबंधन ने पहले तो आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज करने की बात कही और फिर करीब 30 हजार रूपये भी वसूल लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उनकी माँ को ऑपरेशन थिएटर मे ले जाया गया तब अस्पताल प्रबंधन ने उनके सभी गहने खोल कर दिए थे लेकिन कान मे पहले 6 कुंडल लॉक होने की वजह से नहीं खुल पाए। जब उन्हें ऑपरेशन के बाद मे पबन मे शिफ्ट किया उस वक्त भी कान के 6 कुंडल मौजूद थे। मरीज को पबन मे शिफ्ट करने के बाद एक दिन तक परिजनों को नहीं मिलने दिया गया लेकिन अगले दिन जब परिजन मिलने पहुंचे तो उनकी माँ के कान से 1 सोने का कुंडल गायब था। ऐसे मे जब परिजनों ने हॉस्पिटल प्रबंधन को सीसीटीवी चेक करने को कहा तो सभी ने सीसीटीवी बंद होने का हवाला देते हुए पल्ला झाड़ लिया। डाया राम ने आरोप लगाया है कि हॉस्पिटल के आइसीयु मे उनकी माँ के सोने के कुंडल निकाले गए है और अब जानबूझकर अस्पताल प्रबंधन सीसीटीवी नहीं दिखा रहा। उन्होंने बताया कि घटना के बाद परिजनों ने हंगामा किया तो अस्पताल वालो ने आनन फानन मे माँ के कान से बाकि बचे 5 कुंडल खोलकर दे दिए और कहा कि इन्हे ले जाओ वरना ये भी चोरी हो जायेंगे। फिलहाल इस पूरे मामले पर परिजनों ने हिरनमगरी थाने मे परिवाद देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## वहां कचरा फेंक रहे जहां लिखा है-यहां कचरा फेंकना मना है




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर में आरएमवी स्कूल की दीवार के पास की जगह कचरा स्टेण्ड बन गई है। यहां पर पहले कचरा पात्र रखे जाते थे जिनको हटा कर यहां पर दीवारों पर सुंदर पेंटिंग बनाई गई। उम्मीद की गई थी कि स्मार्ट सिटी के लोग इस पेंटिग का मान रखते हुए यहां पर कचरा नहीं फेंकेंगे लेकिन किसी को कुछ भी फर्क नहीं पड़ा। पेंटिंग में लिखा है ग्रीन उदयपुर, स्वच्छ भारत। यह कचरा रोज रात को लोग अंधेरे में लोग डालकर चले जाते हैं। यहां से गुजरने पर जबर्दस्त बदबू आती है। यह सिलसिला कई महीनों से चल रहा है लेकिन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पास में स्कूल है। यहां से गुजरने वाली बच्चियों को बदबू से कई बार उल्टियां तक हो जाती है। उदयपुर के स्मार्ट सिटी बनने के बाद से उम्मीद की जा रही थी कि सब कुछ स्मार्ट होगा लेकिन हो उल्टा रहा है। नगर निगम को चाहिए कि यहां पर सीसीटीवी कैमरे लगा कर कचरा फैंकने वालों को पाबंद करें और सख्त कार्रवाई करें। मुंह अंधेरे आकर कचरा फेंकने वालों को भी शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास जरूर होना चाहिए।




## रणघाटी में तेज रफ्तार बस हादसा : 2 की मौत, 28 घायल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर-झाड़ोल हाईवे पर रणघाटी के पास एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे महिला सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 28 यात्री घायल हो गए। बस में करीब 50 लोग सवार थे, जो एक विवाह समारोह के रिसेप्शन में शामिल होने जा रहे थे। हादसा दोपहर 12 बजे बाघपुरा थाना क्षेत्र में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ड्राइवर तेज गति से बस चला रहा था, यात्रियों ने उसे कई बार धीमे चलाने को कहा, लेकिन वह नहीं माना। रणघाटी के पास बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

**मृतक और घायलों की जानकारी-** हादसे में 50 वर्षीय सुमन (पत्नी किशन वेद, निवासी जामर कोटड़ा) और 28 वर्षीय राजू (पुत्र नाथू वेद, निवासी अजबरा) की मौत हो गई। घायलों में से 16 को गंभीर चोटें आने के कारण झाड़ोल हॉस्पिटल से उदयपुर के एमबीएस हॉस्पिटल रेफर किया गया। बस में सवार यात्री देबारी से झाड़ोल के बदराणा जा रहे थे। 21 फरवरी को जगदीश वेद (बदराणा) और पूजा वेद (देबारी) की शादी हुई थी। शनिवार को बदराणा में रिसेप्शन था, जिसमें शामिल होने के लिए दुल्हन पक्ष के लोग बस से सफर कर रहे थे।

**प्रत्यक्षदर्शियों का बयान-** बस में सवार कांता नामक महिला ने बताया कि ड्राइवर तेज रफ्तार में बस दौड़ा रहा था। यात्रियों ने उसे टोका, लेकिन उसने लापरवाही जारी रखी। जैसे ही बस रणघाटी पहुंची, वह अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। झाड़ोल के डीएसपी नेत्रपाल सिंह के अनुसार, घटना की जांच जारी है और फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पुलिस ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और गैर-इरादतन हत्या के तहत मामला दर्ज करने की तैयारी कर रही है। हादसे के कारणों की गहराई से जांच की जाएगी और दोषी पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार:सीट के नीचे केबिन बनाकर छिपाई थी बोतलें, तस्करी कर ले जा रहा था गुजरात




24 न्यूज़ अपडेट

डूंगरपुर के चौरासी थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। वैंजा चौकी के सामने नाकेबंदी के दौरान की गई कार्रवाई में पुलिस ने कार से 55 बोतल शराब के बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

डूंगरपुर जिले के चौरासी थानाधिकारी प्रभुलाल मीना ने बताया कि मुखबिर के जरिए शराब तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना पर वैंजा पुलिस चौकी के बाहर पुलिस की ओर से नाकेबंदी की गई। इस दौरान एक कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की पीछे की सीट के नीचे एक गुप्त बॉक्स बना हुआ था। जिसमें अवैध शराब की बोतलें छिपाकर रखी हुई थी। पुलिस ने कार से विभिन्न ब्रांड की 55 बोतल शराब को बरामद किया है। जिसे तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। वहीं आबकारी अधिनियम में उदयपुर निवासी अशोक पुत्र कमाजी डामोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## बगवास में दुकान में लगी आग: 6 लाख का नुकसान, पुरानी रंजिश में दुकान को जलाने का आरोप



24 न्यूज़ अपडेट

प्रतापगढ़ के बगवास में शुक्रवार रात एक दुकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। लक्ष्मण गायरी की दुकान में रात करीब 1 बजे आग लगी। इस घटना में लगभग 6 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

दुकान में रखा डी-फ्रीज, फ्रिज, किराना सामान, दूध, काउंटर शोकेज सहित कई सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। लक्ष्मण गायरी ने आरोप लगाया है कि यह घटना उनकी दुकान को निशाना बनाने के लिए पुरानी रंजिश के चलते की गई है। उन्होंने पुलिस में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। नगर परिषद के फायर इंचार्ज सावन चनाल के अनुसार शनिवार सुबह 11:30 बजे दमकल मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# जयपुर में ऑनलाइन सट्टे का 5 करोड़ का हिसाब मिला:40 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप और 40 से ज्यादा बैंक खाते मिले, 7 बदमाश गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ एक्शन लेते हुए 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के पास से 40 मोबाइल, 4 लैपटॉप, 3 टैबलेट, 64 बैंक पास बुक, 4 बैंक चैकबुक, 42 एटीएम, 4 सिम कार्ड बरामद किए हैं। आरोपी रैडी पैनल की आईडी बनाकर ऑनलाइन गेमिंग के जरिए सट्टा खिलाकर पैसे ठग रहे थे। बदमाशों के पास से कुल 5 करोड़ रुपए का हिसाब मिला है। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया- 21 फरवरी को मुखबीर से सूचना मिली थी की मकान नम्बर सी 3 शहीद कॉलोनी रेलवे लाइन के पास मालवीय नगर में कुछ लोग क्रिकेट व अन्य गेम पर ऑनलाइन सट्टा चला रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए एसआई श्यामप्रकाश को मौके भेजा गया। यहां पर पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## बदमाश इस प्रकार से करते थे लोगों के साथ ठगी

बदमाशों ने रेडीबुक.ब्लू डोमेन पर रैडी पैनल बनाकर वॉट्सऐप ग्रुप का क्लोन बनाते है। वॉट्सऐप ग्रुप का एक्सेस किसी अन्य व्यक्ति के पास रहता है। जो इसको दूर बैठकर ऑपरेट करता है। ये लोग बिजनेस वॉट्सऐप ग्रुप के माध्यम से लोगों को गेम की जानकारी और फायदा बताते हैं। ऑनलाइन गेम खेलने तथा पैसा जीतने का लालच देकर साइट पर जोड़ते हैं। वॉट्सऐप पर ऑनलाइन गेम खेलने का मैसेज मिलने पर लैपटॉप में ग्राहक की आईडी बना देते है। ऑनलाइन गेम खेलने वाले ग्राहक द्वारा पैसा भेजने का वॉट्सऐप पर मैसेज प्राप्त होने पर ग्राहक की आईडी ग्रुप पर अपडेट कर देते हैं। ग्राहक से प्राप्त पैसे के अनुसार ऑनलाइन गेम खेलने वाले को कोइन डाल देते है।

ऑनलाइन गेंमिग साइट पर गेम खेलने वाले ग्राहक द्वारा जीत जाने पर पैसा निकलवाने के लिए वॉट्सऐप पर मैसेज प्राप्त होने पर विड्रॉल मैसेज के अनुसार गेम जीतने वाले को बैंक खातों से रुपए ट्रांसफर कर दिये जाते हैं। इसी प्रकार ऑनलाइन गेम खेलने वाले ग्राहक के हार जाने पर प्राप्त राशि बैंक खातों में रह जाती है। ऑनलाइन गेमिग के लिए प्राप्त होने वाले पैसे तथा भेजे जाने वाले पैसे का रिकॉर्ड रजिस्टरों में भी लिखते हैं। आरोपियों द्वारा बैंक खातों में प्राप्त पैसे को अलग अलग खातों ट्रांसफर कर लिया जाता है। इसे एटीएम या ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निकाल लेते हैं। ऑनलाइन गेम में रुपये जीतने का लालच देकर ऑनलाइन गेम खेलने के लिए आईडी पर जोड कर गेम खेलने वाले के ज्यादा पैसा जीत जाने पर उसकी आईडी को ब्लॉक कर देते हैं। इससे जीतने वाले को पैसा नहीं भेजने पड़ते हैं। जीतने वाले की आईडी. ब्लॉक कर देने पर जीतने वाले को दिए जाने वाली राशि आरोपी के पास ही रह जाती है।

# 'दाने-दाने में केसर के दम' पर आपत्ति, उपभोक्ता आयोग ने 3 फिल्म अभिनेताओं और कंपनी को नोटिस देकर किया तलब



24 न्यूज अपडेट

कोटाः पान मसाला निर्माता एक कंपनी को 'दाने-दाने में केसर का दम' बताना भारी पड़ सकता है. इस दावे पर कोटा के भाजपा नेता और सीनियर एडवोकेट ने एक याचिका दायर की थी. जिस पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कंपनी और तीन अभिनेताओं को नोटिस जारी किया है. इसके साथ ही तलब भी किया गया है. इसमें फिल्म अभिनेता शाहरुख खान, टाइगर श्रॉफ और अजय देवगन के साथ पान मसाला निर्माता कंपनी को भी पार्टी बनाया है.

सीनियर एडवोकेट विवेक नंदवाना ने बताया कि उन्होंने एडवोकेट और भाजपा नेता इंद्र मोहन सिंह हनी के साथ धारा 89 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत एक प्रकरण न्यायालय में दायर किया है. उन्होंने बताया कि पान मसाले में दाने-दाने में केसर का दम बताया जाता है, लेकिन केसर इतनी महंगी है कि जिसे पान मसाला में मिलाया नहीं जा सकता है. उनका कहना है कि केसर लाखों रुपए की आती है. पान मसाला जिस दर से बेचा जा रहा है, उस दर के अनुसार केसर मिलाने पर काफी महंगा होगा.

दूसरी तरफ साइंटिफिक जांच में भी इसमें मिलाने के पुख्ता प्रमाण भी नहीं दिए गए हैं. जबकि इसी तरह का प्रचार कर युवा व अन्य वर्ग को भ्रमित किया जा रहा है. उन्हें पान मसाला जैसा उत्पाद खाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. एडवोकेट नंदवाना ने बताया कि इन पर चेतावनी इतने छोटे शब्दों में है कि उसे पढ़ा जाना संभव नहीं है. इस परिवाद पर आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौतम ने अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ, शाहरुख खान व पान मसाला के निर्माता को नोटिस जारी कर, उपभोक्ता न्यायालय में तलब किया है.

# दरगाह वाद प्रकरण में परिवादी ने कलेक्टर से की मांग, कहा-शिवरात्रि के दिन मिले पूजा की अनुमति




24 न्यूज अपडेट

अजमेरः हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दरगाह वाद प्रकरण में परिवादी अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अजमेर जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है. एक वीडियो बयान में गुप्ता ने दावा किया कि दरगाह में अति प्राचीन शिवलिंग है. ऐसे में शिवरात्रि के दिन दरगाह में मौजूद शिवलिंग की पूजा अर्चना करने की कलेक्टर अनुमति दें.

विष्णु गुप्ता ने बताया कि अजमेर के कलेक्टर को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर मांग की है कि अजमेर दरगाह के नीचे भगवान शिव का मंदिर है. महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर वहां हिंदुओं को एक दिन के लिए पूजा पाठ करने और शिवलिंग पर जलाभिषेक करने का अधिकार दिया जाए. गुप्ता ने दावा किया कि अजमेर दरगाह, दरगाह नहीं बल्कि भगवान संकट मोचन महादेव का मंदिर है. दरगाह में मंदिर होने के ऐसे कई साक्ष्य हैं, जिनको कोर्ट के समक्ष रखा गया है. गुप्ता ने दावा किया कि दरगाह के ठीक नीचे तहखाना है जिसमें भगवान शिव का मंदिर है. दीवार पर महादेव का चित्र भी अंकित है. उन्होंने कहा कि यह सनातनी हिंदुओं का मौलिक अधिकार भी है कि जहां भी भगवान शिव का शिवलिंग और चित्र है या किसी भी हिंदू देवी देवताओं की मूर्ति है, वहां पर पूजा अर्चना करने का अधिकार कानून देता है. इसलिए जिला कलेक्टर अजमेर से शिवरात्रि के दिन हिंदुओं को पूजा-पाठ करने की अनुमति दी जाए. मुझे पूरी उम्मीद है कि अजमेर जिला कलेक्टर पूजा पाठ के लिए अनुमति देंगे. अजमेर कोर्ट में गुप्ता ने लगाई थी याचिकाः बता दें कि विष्णु गुप्ता ने दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा करते हुए अजमेर की पश्चिम कोर्ट संख्या एक में याचिका दायर की थी. याचिका को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने तीन पक्षकारों को नोटिस दिए थे. इनमें दरगाह कमेटी, केंद्रीय अल्पसंख्यक विभाग और भारतीय पुरातत्व विभाग शामिल है. हालांकि इन तीनों पक्षकारों की ओर से नोटिस का जवाब कोर्ट में पेश नहीं किया गया है. अलबत्ता अजमेर दरगाह दीवान सैयद जैनुअल आबेदीन, अंजुमन कमेटी समेत 10 के करीब संस्थाओं और व्यक्तिगत रूप से पक्षकार बनने के लिए कोर्ट में अर्जियां लगाई गई. दरगाह कमेटी की ओर से प्रकरण को खारिज करने के लिए भी अर्जी लगाई गई. जिसका जवाब परिवादी विष्णु गुप्ता ने विगत पेशी में दिया था. मामले में अगली सुनवाई 4 मार्च को होगी.

# सहकारिता विभाग में भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित:राजफैड, अपेक्स बैंक और जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में 498 पद भरे जाएंगे



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान सहकारी भर्ती बोर्ड ने सहकारिता विभाग और उनकी एजेंसियों में विभिन्न पदों के लिए भर्ती निकाली थी, उसकी परीक्षा की तारीख आज घोषित की है। शेड्यूल के मुताबिक ये परीक्षाएं अलग-अलग चरण में मार्च और अप्रैल में आयोजित होगी।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने बताया- इन भर्ती परीक्षाओं के जरिए राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ (राजफैड) में 49, राजस्थान राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड (अपेक्स बैंक) और जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में 449 पदों को भरा जाएगा। 26 मार्च से 13 अप्रैल तक होंगे एग्जाम उन्होंने बताया- राजफैड में जूनियर असिस्टेंट, अकाउंट्स ऑफिसर, एनिमल न्यूट्रिशन ऑफिसर, प्रोग्रामर, असिस्टेंट मैनेजर (क्वालिटी कंट्रोल) एवं ऑपरेटर (कैटल फीड) के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा 26 मार्च को होगी। जबकि, जूनियर अकाउंटेंट, असिस्टेंट मैनेजर (जनरल), इन्फोर्मेटिक असिस्टेंट एवं फिटर के पदों हेतु परीक्षा 27 मार्च को होगी।

इसी प्रकार, अपेक्स बैंक और विभिन्न जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में बैंकिंग असिस्टेंट पद के लिए भर्ती परीक्षा 1 अप्रैल, मैनेजर पद के लिए 5 अप्रैल और सीनियर मैनेजर व कम्प्यूटर प्रोग्रामर पद के लिए 13 अप्रैल को एग्जाम होगा।

# खाटूश्यामजी का मेले की तैयारियां शुरू, जयपुर से रवाना हुआ 211 फीट लंबा निशान



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः सीकर जिले के रींगस में खाटूश्यामजी के मेले की तैयारी शुरू हो गई है. देशभर से पदयात्री खाटू नगरी पहुंचेंगे और बाबा के दर्शन करेंगे. जयपुर से पदयात्री खाटूश्यामजी का 211 फीट का निशान लेकर रवाना हुए. खाटू श्यामजी का फाल्गुन मेला 28 फरवरी से 11 मार्च तक लगेगा. मेले की तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं. प्रशासन व मंदिर कमेटी चिकित्सा, परिवहन, यातायात, रोशनी, सड़क, पेयजल और सफाई जैसे इंतजामों को अंतिम रूप दे रहा है.इस बार नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी पदयात्रियों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं. प्रशासन ने इस बार कुछ सख्त निर्णय लिए हैं. अब भक्त मंदिर तक इत्र की शीशी, कांटेदार डंडी वाले गुलाब और ध्वज लेकर नहीं जा सकेंगे. सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. इसके पहले रींगस से खाटू तक और मंढा मोड से खाटू तक बैरिकेडिंग का काम भी पूरा किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन सुगमता से हो सके.

पदयात्रियों के लिए बनाया पाथ-वे : नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं. पदयात्रियों के लिए 46 किलोमीटर का पाथ-वे तैयार किया गया है. NHAI प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य ने बताया कि सीकर बाइपास पर जिन जगहों पर सर्विस रोड बनी है, उसे पदयात्रियों के लिए ठीक करवाया जा रहा है. इस क्षेत्र में मिट्टी डालकर सर्विस रोड को तैयार किया गया है.

# राजस्थान की जेल है तो मुमकिन है : सीएम भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी: दौसा जेल से फिर आया कॉल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. दौसा। अब यह बात जनता भी जान गई है कि जेल महाभ्रष्टाचार के अड्डे हैं। अपराधियों को वहां पर खुली छूट है। सारे के सार सुरक्षा उपाय और आधुनिक तकनीकें रिश्वत के आगे फैल है। जिस प्रदेश के मुखिया को जेल से धमकी मिल जए वहां की जनता को अपनी सुरक्षा के लिए चिंतित होना व पूरी मशीनरी पर सवाल उठाना लाजमी बनता है। जेलों में मोबाइल पहुंच कैसे रहे हैं? जो पहुंचा रहे हैं उनको कठारे सजा कौन देगा?? आदि सवाल बहुत बड़े हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक बार फिर दौसा जिले की श्यालावास जेल से जान से मारने की धमकी मिली है। यह घटना देर रात करीब 12 बजकर 45 मिनट की है, जब एक आरोपी ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर कहा कि वह सीएम को आज रात 12 बजे से पहले मार देगा। यह दूसरी बार है जब दौसा जेल से सीएम को धमकी भरा कॉल आया है। इससे पहले जुलाई 2024 में भी इसी जेल से धमकी दी गई थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जेल में सर्च ऑपरेशन चलाया और मोबाइल जब्त किए। आरोपी का दावा: "आज रात (शनिवार) 12 बजे से पहले सीएम को जान से मार दूंगा" 10 मिनट के अंतराल में दो कॉल किए गए। आरोपी की पहचान, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पॉक्सो एक्ट के तहत बंद एक कैदी के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी गुरु शरण राव और नांगर डीएसपी चारुल गुप्ता मौके पर पहुंचे। पापदड़ा और नांगल थाने की पुलिस ने जेल में सर्च अभियान चलाया, जिसमें कुछ कैदियों के पास से मोबाइल बरामद हुए। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## पहले भी मिल चुकी हैं धमकियां

यह पहली बार नहीं है जब सीएम भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली हो। पहले की घटनाओं का विवरण इस प्रकार है:

**जुलाई 2024 - दौसा जेल:** श्यालावास जेल से जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को धमकी भरा कॉल आया।

पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर मोबाइल जब्त किए और आरोपी के खिलाफ पापदड़ा थाने में मामला दर्ज किया। जेल में सिम पहुंचाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाहक जेल अधीक्षक कैलाश दरोगा, जेलर बिहारी लाल और मुख्य प्रहरी अवधेश कुमार को निलंबित किया गया।

**जनवरी 2024 - जयपुर सेंट्रल जेल:** पॉक्सो एक्ट के तहत 5 साल से बंद एक कैदी ने कंट्रोल रूम को कॉल कर सीएम को गोली मारने की धमकी दी। कॉल के बाद मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया गया। तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की पहचान की गई और जेल से मोबाइल जब्त किए गए। पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया और मोबाइल बरामद किए। जुलाई 2024 की घटना के बाद जेल प्रशासन ने सख्त कदम उठाए थे, जिसमें अधिकारियों का निलंबन शामिल था। दौसा जेल से बार-बार धमकी भरे कॉल आने से जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। जनवरी 2024 से अब तक सीएम को तीन बार धमकी मिल चुकी है, जिसमें दो बार दौसा जेल और एक बार जयपुर सेंट्रल जेल से कॉल आए। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि आरोपी की मंशा और जेल में मोबाइल पहुंचने के तरीके का पता लगाया जा सके।

# राजस्थान सहकारी बोर्ड ने भर्ती परीक्षाओं की तिथि की घोषित

## मार्च एवं अप्रेल माह में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होंगी परीक्षाएं राजफैड, अपेक्स बैंक एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में भरे जाएंगे 498 पद



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। राजस्थान सहकारी भर्ती बोर्ड ने विभिन्न पदों के लिए होने वाली भर्ती परीक्षाओं की तिथि घोषित की है। ये भर्ती परीक्षाएं मार्च एवं अप्रेल माह में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएंगी। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने बताया कि इन भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ (राजफैड) में 49 तथा राजस्थान राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड (अपेक्स बैंक) एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में 449 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि राजफैड में जूनियर असिस्टेंट, अकाउंट्स ऑफिसर, एनिमल न्यट्रिशन ऑफिसर, प्रोग्रामर, असिस्टेंट मैनेजर (क्वालिटी कंट्रोल) एवं ऑपरेटर (कैटल फीड) के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन 26 मार्च, 2025 को किया जाएगा। जबकि, जूनियर अकाउंटेंट, असिस्टेंट मैनेजर (जनरल), इन्फोर्मेटिक असिस्टेंट एवं फिटर के पदों हेतु परीक्षा 27 मार्च, 2025 को आयोजित की जाएगी।

इसी प्रकार, अपेक्स बैंक एवं विभिन्न जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में बैंकिंग असिस्टेंट पद के लिए भर्ती परीक्षा 1 अप्रेल, मैनेजर पद के लिए 5 अप्रेल एवं सीनियर मैनेजर व कम्प्यूटर प्रोग्रामर पद के लिए 13 अप्रेल, 2025 को आयोजित की जाएगी। श्रीमती राजपाल ने परीक्षाओं का समुचित रूप से आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षाओं की तिथि सम्बन्धी सूचना बोर्ड की वेबसाइट https://rajcrb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य सूचना एवं अपडेट्स के लिए अभ्यर्थियों को निरन्तर बोर्ड की वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी गई है।

# खाओ-खिलाओ संस्कृति जिंदाबाद : मित्तल साहब ने सबसे ज्यादा माल बनाया उदयपुर में, बेटा, बेटी, पत्नी भाई, व खुद के नाम कुल 9 प्लॉट खरीदे



## 24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. यह मामला सरकारी भ्रष्टाचार और काली कमाई से अर्जित संपत्तियों के दुरुपयोग का एक प्रमुख उदाहरण है। PWD के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दीपक कुमार मित्तल ने अपने 28 साल के कार्यकाल में सरकारी वेतन से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की और अपने परिवार को करोड़पति बना दिया।

लेकसिटी उदयपुर घूसखोरों का गढ़ बनता जा रहा है। यहां पर आम चर्चा है कि जो भी आता है उपर की पोस्ट पर बैठ कर माल बनाता है और या तो रिसोर्ट या फिर होटल और अगर उसमें इटरेस्ट कम है तो रिश्वत के पैसे से प्लॉट या जमीन जरूर खरीदता है। मित्तल साहब ने भी उदयपुर में कोई कसर नहीं छोड़ी यहां पर दिल खोलकर जमीनें खरीदी। रिश्वत की बहती गंगा में हाथ धोने पर उनके हाथ इनते प्लॉट आए तो सोच लीजिए और कितने कितनों के हाथ कितना माल आया होगा???

### भ्रष्टाचार और संपत्ति अर्जन

दीपक कुमार मित्तल 1996 में PWD में कनिष्ठ अभियंता (जेई) के रूप में भर्ती हुए थे।

नौकरी से पहले उनके पास कोई संपत्ति नहीं थी, लेकिन 28 वर्षों में उन्होंने करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली। विभिन्न शहरों में पॉश इलाकों में जमीन खरीदी, जिससे उनकी अवैध कमाई का खुलासा हुआ।

### परिवार के नाम पर खरीदी गई संपत्ति

खुद के नाम पर केवल 2 प्लॉट हैं, लेकिन परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर महंगी प्रॉपर्टी खरीदी गई। बेटे के नाम -6 प्लॉट हैं जिसमें से पांच उदयपुर में हैं। पत्नी के नाम पर कुल 5 प्लॉट हैं जिनमें से एक उदयपुर में, बेटी के नाम पर कुल 2 प्लॉट हैं जो दोनों उदयपुर में है, भाई के नाम पर एक 1 प्लॉट है जो उदयपुर में है 2022 में ही 6 प्लॉट खरीदे गए, जिनमें से कई महज 2 महीनों के भीतर खरीदे गए।

### ACB की जांच और खुलासे

16 फरवरी 2024 को ACB (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने दीपक कुमार मित्तल के ठिकानों पर छापेमारी की।

रेड के दौरान 50 लाख कैश, प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेज और अन्य अहम दस्तावेज बरामद हुए।

अधिकारियों के मुताबिक, इतनी संगठित तरीके से अवैध रूप से प्रॉपर्टी खरीदने का यह पहला मामला है। मित्तल का रहन-सहन उनकी घोषित आय से कई गुना अधिक था। यह मामला यह दर्शाता है कि भ्रष्टाचार किस तरह से एक सरकारी अधिकारी को अवैध रूप से करोड़पति बना सकता है।

यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की खामियों को उजागर करता है। ACB की जांच और न्यायिक कार्रवाई यह तय करेगी कि क्या भविष्य में इस तरह के मामलों को रोका जा सकता है या नहीं।

# वृद्धाश्रम हमारे राष्ट्र की परंपरा नहीं बल्कि पश्चिम की देन—राज्यपाल



## 24 न्यूज अपडेट

अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राज्यपाल

उदयपुर, 22 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि हमारे देश में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास आश्रम की परंपरा है वृद्ध आश्रम की नहीं। वृद्धाश्रम पश्चिम की देन है जहां पर वरिष्ठ नागरिकों को बोझ समझा जाता है। शनिवार को उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ के 22 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में उन्होंने यह बात कही। राज्यपाल बागड़े ने वरिष्ठ नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने शरीर एवं स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें क्योंकि स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है। राष्ट्र की प्रगति में वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव की महत्वपूर्ण भूमिका है। वरिष्ठ नागरिकों को अपनी शेष आयु देश,धर्म के उपयोग में लगानी चाहिए।

देश के विभिन्न हिस्सों और नेपाल से आए वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए राजपाल बागड़े ने कहा कि सदियों की गुलामी ने हमारी मानसिकता को सीधे तौर पर प्रभावित किया है। अंग्रेजों ने हमारी प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति को नष्ट कर पश्चिमी शिक्षा पद्धति थोपी जिसके चलते हम अपनी प्राचीन ज्ञान परंपरा से विमुख हो गए। गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भास्कराचार्य ने बारहवीं शताब्दी में ही गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत प्रतिपादित कर दिया था जबकि हमें इसे न्यूटन देन बताया जाता है। भारत ने ही विश्व को जीरो एवं दशमलव दिया जिस पर आधुनिक तकनीक टिकी हुई है। इसलिए शिक्षा पद्धति में परिवर्तन की आवश्यकता देखते हुए केंद्र सरकार ने नई शिक्षा पद्धति लागू की जो आने वाले समय में पुरातन भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने का कार्य करेगी।

### अनुभूति का विमोचन

राज्यपाल ने महासंघ की स्मारिका "अनुभूति" का विमोचन किया और विभिन्न वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के वीसी प्रो एस एस सारंगदेवोत, महासंघ अध्यक्ष वी के भडाने सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। इससे पूर्व राज्यपाल डबोक हवाई अड्डे से सर्किट हाउस पहुंचे। यहां पर गणमान्य लोगों ने उनसे भेंट की। आगमन एवं प्रस्थान के समय जिला कलक्टर नमित मेहता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उदयपुर में कांग्रेस का प्रदर्शनः निलंबन रद्द करने और मंत्री से माफी की मांग



## 24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी और छह कांग्रेस विधायकों के निलंबन के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला फूंका और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस की मांग है कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत अपने बयान पर माफी मांगें और निलंबित कांग्रेस विधायकों का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्री कार्यालय के बाहर भारी संख्या में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला जलाया गया। कांग्रेस ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो प्रदेशभर में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक विरोध के अधिकारों को दबाने का प्रयास कर रही है। प्रदर्शन में शामिल प्रमुख नेताओं में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ देहात कांग्रेस अध्यक्ष कचरूलाल चौधरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश श्रीमाली महामंत्री पंकज कुमार शर्मा सचिव असरार अहमद पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह केलावत शहर जिला महामंत्री दिनेश दवे, प्रशांत श्रीमाली ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, सोमेश्वर मीणा मंडल अध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा प्रवक्ता शिवशंकर मेनारिया, पंकज पालीवाल, संजीव राजपुरोहित अन्य प्रमुख नेता शंकर चंदेल, हिदायतुल्लाह, अमित श्रीवास्तव, राम सिंह चदाणा, कामिनी गुर्जर आदि शामिल थे। आपको बता दें कि शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मंत्री अविनाश गहलोत ने इंदिरा गांधी के संदर्भ में एक टिप्पणी की। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने विरोध जताते हुए सदन के वैल में आकर हंगामा किया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कार्यवाही चार बार स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने छह कांग्रेस विधायकों को निलंबित कर दिया। कांग्रेस की मांगें हैं कि मंत्री अविनाश गहलोत को अपने बयान पर माफी मांगनी होगी। छह कांग्रेस विधायकों का निलंबन तुरंत रद्द किया जाए। मंत्री अविनाश गहलोत को मंत्रिमंडल से हटाया जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे प्रदेशभर में बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इस मुद्दे पर सरकार की ओर से अभी कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन राजनीतिक तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। क्या आपको लगता है कि सरकार को कांग्रेस विधायकों का निलंबन वापस लेना चाहिए?

# माय हॉस्पिटल-क्लीन हॉस्पिटल के तहत स्वच्छ और सुंदर बने सरकारी अस्पताल



## 24 न्यूज अपडेट

राजसमन्द 22 फरवरी। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिले के समस्त राजकीय चिकित्सालयों में शनिवार को 'माय हॉस्पिटल-क्लीन हॉस्पिटल' अभियान का आयोजन हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमंत बिंदल, पीएमओ डॉ रमेश रजक सहित चिकित्सा महकमे के सभी अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि एक दिन अस्पतालों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के नाम किया जाए। खास बात यह रही कि अभियान के दौरान भी मरीजों के उपचार में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं होने दिया और सफाई कार्य जारी रहा।

अभियान की सफल क्रियान्विति के लिए कलक्टर के निर्देश पर नगर परिषद, सभी नगर पालिकों, ग्राम पंचायतों ने अपने अपने क्षेत्र के राजकीय चिकित्सालय जैसे जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी, उप स्वास्थ्य केंद्र को सफाई कर्मी, नरेगा श्रमिक के साथ-साथ जेसीबी, ट्रेक्टर सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराए। यही नहीं, स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने नजदीकी अस्पताल में प्रशासन की अपील पर श्रमदान किया। जिला कलक्टर ने सुबह-सुबह राजसमंद नगर के किशोर नगर (मंडा) स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँच कर अभियान का आगाज किया। यहाँ सीएमएचओ, पीएमओ के साथ-साथ पीएचसी, डिस्पेंसरी के डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ आदि भी उपस्थित थे। कलक्टर ने स्वयं मौजूद रहकर सफाई कार्य सुनिश्चित कराया। किशोर नगर पीएचसी में द्वार से प्रवेश करते ही वर्षों से जो कचरे का ढेर पड़ा था, वह एक दिन में ही साफ हो गया। पहली बार यहाँ इस तरह की सफाई होने पर आस-पास के लोग भी जमा हो गए और प्रशासन का आभार जताया। आमजन ने भी कलक्टर को आश्वस्त किया कि यहाँ गंदगी नहीं फैलने देंगे और सफाई में सहयोग करेंगे।

कलक्टर ने अस्पताल परिसर का जायजा लेकर ओपीडी रूम, आईपीडी, निशुल्क जांच, दवा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में जहां भी चिकित्सालयों में मरम्मत, सुधार, सौंदर्यीकरण की आवश्यकता हो वहाँ आरएमआरएस से कार्य कराए जाएं। दिनभर उन्होंने वॉट्सएप ग्रुप से अभियान की मॉनिटरिंग की। अभियान के तहत नाथद्वारा से भीम तक और कुंभलगढ़ से राजसमंद तक हर गाँव में सरकारी चिकित्सालयों में सफाई अभियान चला।

**हटा वर्षों पुराना लिगसी वेस्टः** अभियान के तहत हुई सफाई के बाद अस्पतालों में वर्षों पुराना लिगसी वेस्ट साफ हुआ। चिकित्सालयों के अंदर और परिसर के आस-पास परिक्षेत्र में भी जन सहभागिता से सफाई की गई। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सहयोग के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों आदि का आभार व्यक्त किया है। इधर सफाई होने के बाद अस्पतालों के परिसर अधिक स्वच्छ और सुंदर बने। यहाँ आने वाले मरीजों ने भी कहा कि अब अस्पतालों में बेहतर वातावरण उपलब्ध हुआ है।

# उदयपुर में 55 केन्द्रों पर तीन पारियों में होगी REET परीक्षा, प्रशासन ने की तैयारियां

## 24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 22 फरवरी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 का आयोजन 27 व 28 फरवरी को होगा। उदयपुर में 55 केन्द्रों पर तीन पारियों में यह परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने परीक्षा के सुचारू आयोजन को लेकर विभिन्न प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये। साथ ही परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्ध ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए है। जिला कलक्टर ने बताया कि 27 फरवरी को प्रथम पारी में सुबह 10 से 12.30 बजे तक लेवल प्रथम की परीक्षा होगी इसमें 18 हजार 280 अभ्यर्थी भाग लेंगे। द्वितीय पारी में दोपहर 3 से 5.30 बजे तक लेवल द्वितीय के 18 हजार 152 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। अगले दिन 28 फरवरी को सुबह 10 से 12.30 बजे तक लेवल द्वितीय के 18 हजार 268 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# नगर परिषद ने आर. के. जिला चिकित्सालय के बाहर हटाया अतिक्रमण



## 24 न्यूज अपडेट

राजसमन्द 22 फरवरी। नगर परिषद द्वारा शनिवार को अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। अधिशाषी अभियंता तरुण बाहेती ने बताया कि नगर परिषद द्वारा आर के राजकीय जिला चिकित्सालय के बाहर अवैध थड़ियाँ, कैबिन और लंबे समय से रखी हुई खराब गाड़ियां हटाई गई।

उन्होंने बताया कि लंबे समय से आर के जिला चिकित्सालय के बाहर अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग सामने आ रही थी। शनिवार को माय ऑफिस क्लीन ऑफिस अभियान के तहत सफाई कार्य पश्चात नगर परिषद की टीम ने अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की, साथ ही भविष्य में अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने दिव्यांगों को वितरित की स्कूटी



## 24 न्यूज अपडेट

राजसमंद, 22 फरवरी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुपालना में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शनिवार को जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 38 दिव्यांगजनों को जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत संबल प्रदान करने हेतु स्कूटी वितरित की।

विधायक माहेश्वरी ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की बजट घोषणा 2025-2026 में प्रदेश के 1 लाख दिव्यांगजनों को 20 हजार रुपये तक के कृत्रिम अंग एवं उपकरण उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई है, जो सरकार की दिव्यांग जनों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजसमंद के उपनिदेशक दीपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि विधायक ने सभी 38 दिव्यांगजनों को उपरना पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें स्कूटी वितरित की। स्कूटी पाकर सभी चयनित दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस अवसर पर दिव्यांगजनों ने अपनी दैनिक समस्याओं को साझा किया और बताया कि किस प्रकार बिना वाहन के उन्हें रोजमर्रा की गतिविधियों को करने और आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्कूटी मिलने के बाद से उनकी दैनिक गतिविधियां सुगमता से संपन्न हो सकेंगी। चयनित लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री और विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में समाजसेवी महेन्द्र सिंह चौहान, मोहन कुमावत, पूर्व चेयरमैन दिनेश चंद्र पालीवाल, दिनेश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।